
# अमरीकी राष्ट्रपति जैकरी टेलर





# अमरीकी राष्ट्रपति

# जैकरी टेलर

## किताब के बारे में


जैकरी टेलर ऐसे समय में बड़ी हुई जब केनटकी में बसने वाले सेटलर्स अपने घरों को रखने के लिए लड़ रहे थे। उनके शत्रु इंडियंस थे जिनका जीवन शिकार पर आधारित था। अपनी जीवन शैली को बनाए रखने के लिए वे अपनी ज़मीन के लिए लड़ रहे थे। इसलिए जैकरी एक अनुभवी इंडियन सैनिक बना, लेकिन वो इंडियंस का मित्र भी था। जब बाद में सेटलर्स ने अपनी स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, तो जैकरी एक सैनिक बन गया। बाद में, युवा, नए राष्ट्र की सेना में, वह जनरल जैकरी टेलर बना और, अंत में, संयुक्त राज्य अमरीका का राष्ट्रपति।



जहाँ जैकरी रहता था वो स्थान प्लांटेशन्स (बागानों) से बहुत दूर नहीं था। वहां पर अक्सर भालू शिकार करने के लिए आते थे।

आठ साल का जैकरी भालुओं से नहीं डरता था। वो इंडियंस के युद्ध की आवाज़ें सुनता था।

जैकरी, केंटकी में अपने प्लांटेशन पर अपने माता-पिता और भाइयों के साथ रहता था।



अक्सर इंडियंस नदी से अपनी नावों में आते। कभी-कभी वे चुपचाप जंगल से होकर आते। प्लांटेशन में हर कोई उनसे डरता था। सभी लोग इंडियंस से सतर्क रहते थे।

जैकरी टेलर का जन्म 1784 में वर्जीनिया में हुआ। जैकरी के जन्म के तुरंत बाद, उसके पिता अपने परिवार को कैंटकी के बागान (प्लांटेशन) में लाए। युवा ज़ैक उस काल में बड़ा हुआ जब इंडियंस अपने शिकार के मैदानों को बरक़रार रखने के लिए लड़ रहे थे।





सेटलर्स और उनके गुलाम भी उस जमीन पर कब्ज़ियत के लिए लड़ रहे थे. वहां पर सेटलर्स ने अपने घर बनाए थे।

जैकरी के पिता एक सैनिक थे। वो अक्सर इंडियंस को दूर भगाने के लिए सेटलर्स के साथ निकल जाते थे।

"मुझे भी अपने साथ ले चलो," युवा ज़ैक ने कहा।

"नहीं, तुम यहाँ घर की देखभाल करो," उसके पिता ने कहा।

अक्सर प्लांटेशन्स के आसपास कोई शिक्षक नहीं होते थे। इसलिए जैकरी के माता-पिता ने अपने बच्चों को घर पर ही पढ़ाया। फिर किसी शिक्षक ने एक छोटे से गाँव में एक स्कूल शुरू किया। गाँव, प्लांटेशन्स से पाँच मील दूर था। कुछ दिनों जैक उस स्कूल में घोड़े पर सवार होकर गया।



जैकरी के पिता और उनके गुलाम बागान पास ही एक बड़ा घर बना रहे थे। उसकी दीवारें मजबूत होनी थीं, जिससे कि वो इंडियंस से सुरक्षित रह सके। वो घर किले की तरह सुरक्षित बनना था।






वो जंगल में अपनी बंदूक ले जाना पसंद करता था. वो अपने छोटे, मजबूत पैरों पर चुपचाप चलता था। वो हमेशा सतर्क रहकर इंडियंस को देखता रहता था। उन्होंने जंगल के बारे में बहुत कुछ सीखा। वो इंडियंस के पद-चिन्ह और रास्ते खोजना सीख गया। जैक टेलर को पता था कि वो बड़े होकर क्या बनेगा। वो एक सैनिक बनना चाहता था।

कुछ ऐसी चीजें थीं जो उसे किताबी ज्ञान से बेहतर लगीं। उसे अपने पिता के प्लांटेशन्स में मदद करना पसंद था। उसने घोड़ों की देखभाल करना सीखा।

उसने मक्का अच्छी तरह से कैसे लगाई जाए यह गुर भी सीखा।





उत्तर-पश्चिम में दूर बसे लोग (सेटलर्स) स्थानीय इंडियंस के शिकार के मैदान छीन रहे थे। इंडियंस अपनी जमीन बचाए रखने के लिए कड़ा संघर्ष कर रहे थे।

जैकरी टेलर को वहाँ जाने का आदेश मिला।



युवा होने पर जैकरी टेलर संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना में एक सैनिक बन गया। कुछ समय बाद वह मार्गरेट स्मिथ से मिला, और वह उसकी पत्नी बन गईं।  पिता के बागान (प्लांटेशन) में उन्होंने अपने लिए एक छोटा सा घर बनाया।



इस समय संयुक्त राज्य अमेरिका और इंग्लैंड के बीच युद्ध चल रहा था।
अंग्रेजी सैनिक यूनिटेड राज्यों से लड़ने के लिए आए थे। कई इंडियंस, अंग्रेज सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ रहे थे। वे उत्तर-पश्चिम में गए।



वहां, जैकरी टेलर एक छोटे किले का प्रभारी
(इंचार्ज) बना।

किले के अंदर, केवल चालीस सैनिक थे।



किले के बाहर, बैल, घोड़े और गाय जंगली घास चर रहे थे।



कुछ मित्र इंडियंस ने आकर जैकरी टेलर को बताया कि उस रात सैकड़ों इंडियंस आकर किले को जला देंगे। फिर रात में इंडियंस आए।



उन्होंने चिल्लाते हुए, किले में आग लगा दी।

सैनिकों ने आग पर बाल्टियां भर-भर के पानी डाला।

जैकरी टेलर और उसके सैनिक रात भर लड़ते रहे।

किला बच गया। सुबह को इंडियंस किला छोड़ कर चले गए। वे सभी बैलों, घोड़ों और गायों को अपने साथ ले गए।





अंत में, पुराने उत्तर-पश्चिम में लगभग सभी इंडियंस को मिसिसिपी नदी के पार पश्चिम में धकेल दिया गया।
जैकरी टेलर और उसके लोगों ने ज़मीन को इंडियंस से सुरक्षित रखने के लिए नए किले बनवाए।

कभी-कभी श्रीमती टेलर भी किले में आती थीं। ज्यादातर समय वह अपनी जेब में पिस्तौल रखकर अपने घर का काम करती थीं।





इंग्लैंड के साथ युद्ध समाप्त होने के बाद, जैकरी टेलर अपने बागान (प्लांटेशन) में वापस चला गया।




उसे प्लांटेशन पर चीजें उगाना पसंद था। लेकिन सबसे बढ़कर, उसे एक सैनिक बनना पसंद था। इसलिए अगले साल वह फिर से सेना में भर्ती हो गया। सड़के बाद के वर्षों में, उसने कई किलों का निर्माण किया।

जब जैकरी टेलर को दक्षिण जाने का आदेश मिला, तो श्रीमती टेलर उससे वहाँ मुलाकात करने गईं।

मैं एक अच्छा मक्का का खेत लगाने जा रहा हूं," उसने कहा।



मिसिसिपी नदी के किनारे पर एक पुराना घर था। श्रीमती टेलर ने इस घर को अपने परिवार के लिए चुना।



उन्होंने घर की सफाई की और उसके चारों ओर फूल लगाए। उन्हें नदी के किनारे यह छोटा सा घर बहुत पसंद आया।

अब उनके परिवार में चार बच्चे थे - तीन लड़कियाँ और एक लड़का।

जल्द ही जैकरी टेलर को वापस पुराने नॉर्थ-वेस्ट में जाने का आदेश मिला।

वहाँ, एक बूढ़ा इंडियन, ब्लैक हॉक, अपने लोगों को छोटे से गाँव से नहीं हटा रहा था। पतझड़ में, वह और उसके साथी शिकार करने निकले। सर्दियों के शिकार के बाद, वे वापस आए। पर तब तक सेटलर्स ने उनकी साड़ी जमीन छीन ली, और वो छोटा गाँव लुप्त हो गया था।





ब्लैक हॉक उस जमीन के लिए लड़ा, जहां कभी उसका गांव था।

बार-बार, इंडियंस और उनके बहादुर लोग लड़ने आते। उस इंडियन के बारे में यह कहा जाता था, "वह लोमड़ी की तरह आता था, और वह शेर की तरह लड़ता था।"



जैकरी टेलर ने कहा, "मेरा आदेश है - अंत तक ब्लैक हॉक का पीछा करो।"

आखिर में उन्हें ब्लैक हॉक का सुराग मिला। एक पगडंडी पहाड़ी से होकर एक नदी तक गई थी।

नदी के बीचोबीच जैकरी टेलर ने ब्लैक हॉक से लड़ाई की और अपने सैनिकों को आदेश दिए। ब्लैक हॉक हार गया, और फिर चुपचाप पुराने नॉर्थवेस्ट में चला गया।

लेकिन दक्षिण-पूर्व में अन्य इंडियंस अपनी
जमीन बरक़रार रखने के लिए लड़ रहे थे।
जैकरी टेलर और उनके लोग दक्षिणपूर्व चले गए।
वहाँ इंडियंस ने दो साल से अधिक समय तक
संघर्ष किया।





जैकरी टेलर और उनके लोगों ने घोड़ों द्वारा
दलदल पार करके इंडियंस का शिकार किया।
जैकरी टेलर ने अपने लोगों का नेतृत्व किया।
उसके सैनिक उसके पीछे-पीछे आये।
उसके आदमियों ने उसे "ओल्ड रफ एंड रेडी"
के उपनाम से बुलाया।
फिर इंडियंस पराजित हुए और कुछ वर्ष शांति से
बीते।

तब फिर से परेशानी हुई। मेक्सिको में एक नई मुसीबत खड़ी हुई.

जब टेक्सास एक नया राज्य बना, तो टेक्सास के लोगों ने कहा कि उनके राज्य की सीमा रियो ग्रांडे के साथ-साथ थी। लेकिन मेक्सिको के लोगों के अनुसार वो सीमा उत्तर में एक नदी के साथ थी।






सेना में इन कई सालों के बाद, ज़ैकरी टेलर अब एक जनरल बन गया था।

वैसे देखने में जैकरी टेलर जनरल की तरह नहीं लगता था। वो खेतों में काम करने वाले किसी किसान की तरह दिखता था।

जनरल टेलर को रियो ग्रांडे जाने का आदेश मिला।

उन्होंने उस तरफ रुख किया।

सैनिकों के पीछे-पीछे थके-बूढ़े घोड़ों तीन सौ वैगनों को खींच रहे थे. उन वैगनों में बंदूकें, तंबू और भोजन लड़ा था।

जैकरी टेलर अपने पसंदीदा घोड़े पर बैठे थे. उनका एक पैर घोड़े की गर्दन पर रखा था। घोडा "ओल्ड व्हाइटी" जनरल को कई लड़ाइयों में लेकर गया।



वे सुंदर खेतों में से होकर गुज़रे। खेतों में जंगली पौधे लगे थे। जंगली घोड़े खुले मैदान में सरपट भागे।



वसंत में वे रियो ग्रांडे के लिए रवाना हुए। आखिर में वे चौड़ी, कीचड़ भरी नदी पर पहुँचे। नदी के उस पार छोटे-छोटे सफेद घर थे। वहां से उन्हें कुत्तों के भौंकने और घंटी बजने की आवाज सुनाई दी।


उस छोटे शहर में एक मैक्सिकन जनरल अपने सैनिकों के साथ रियो ग्रांडे को पार करके जैकरी टेलर और उसके लोगों से मिलने के लिए आ रहे थे।

जैकरी टेलर ने उनके आने का इंतजार किया। मैक्सिकन सैनिकों ने जैकरी टेलर की छोटी सेना से मिलने के लिए नदी पार की। फिर वे घास के खुले मैदान पर मिले।

रास्ते में वे छोटे टेक्सास शहर में रुके। कड़ाके की ठंड के बीच जनरल ने अपने सैनिकों को लड़ाई की ट्रेनिंग दी।

वसंत में जनरल को पता था कि अब उसके पास एक मजबूत सेना थी. उसके सैनिक भी इस बात से अवगत थे.





वे पूरे दिन लड़े। फिर रात हो गई। कौन जीता?

जैकरी टेलर को इसका कुछ नहीं पता था।

लेकिन सुबह होने से पहले मेक्सिकंस लड़ने के लिए एक सुरक्षित स्थान पर चले गए थे।

सूखी नदी में उन्हें एक सुरक्षित स्थान मिला।

जैकरी टेलर और उनके लोगों ने उन्हें ढूंढ निकाला।

फिर घमासान लड़ाई चली।


फिर मैक्सिकन भाग गए. वे बंदूकें और तोपें अपनी पीछे छोड़ गए। रियो ग्रांडे में वे नदी को पार करके अपने शहर में पहुंचे।

जनरल टेलर ने मैक्सिकन जनरल को शहर छोड़ने के लिए सन्देश भेजा। उनका आदेश न मानने पर जनरल जैकरी टेलर ने शहर को आग लगा देने की धमकी दी।

शहर को बचाने के लिए रात के अँधेरे में मैक्सिकन जनरल और उसके सैनिक वहां से भाग गए।

अगले दिन सुबह शहर के बहुत से लोग अपने सफेद घरों से बाहर निकले। वे सफ़ेद कपड़े पहने, सफ़ेद झंडे लिए, सुंदर सफ़ेद घोड़ों पर आए। उन्होंने शहर को जनरल टेलर को सौंप दिया।





जनरल टेलर और उसके लोगों ने कई अन्य मैक्सिकन शहरों पर भी कब्ज़ा किया। संयुक्त राज्य अमरीका में लोगों ने बहादुर जनरल और उसकी लड़ाकू सेना के बारे में सुना।

तब जनरल टेलर को आदेश मिला और उन्होंने अपने कई बेहतरीन सैनिकों को अमेरिका की सेना के एक अन्य जनरल के साथ लड़ने के लिए भेजा। इसने जनरल टेलर की सेना बहुत छोटी रह गई।



फिर जनरल और उसके सैनिकों ने नदी पार की, और शहर के पास अपने तम्बू गाढ़े।



मेक्सिको के जेनरल एंटोनियो लोपेज डी सांता अन्ना ने इसके बारे में सुना। वो जनरल टेलर और उसकी सेना से लड़ने के लिए अपनी बड़ी सेना लाये।

जनरल टेलर की सेना के प्रत्येक सैनिक के लिए, जनरल सांता अन्ना के साथ चार ललड़ाकू मैक्सिकन थे। वे पहाड़ों में भिड़े। "ओल्ड रफ और रेडी" ने अपनी सेना का मोर्चा संभाला।





दो दिनों तक घमासान लड़ाई चली।
जैकरी टेलर की मजबूत छोटी सेना ने बड़ी भीषण लड़ाई लड़ी।
मेक्सिको के कई सैनिक मारे गए। फिर रात में वे जनरल टायलर के लिए मैदान छोड़कर भाग गए।

उसके तुरंत बाद जनरल टेलर मेक्सिको छोड़कर न्यू-ऑरलियन्स चले गए।
न्यू-ऑरलियन्स में एक बड़ी भीड़ ने उनका स्वागत किया। उन्हें वो लड़ाकू और ईमानदार पुराना सिपाही पसंद आया।

वहां एक बड़ी गाड़ी जनरल टेलर का इंतजार कर रही थी। लेकिन जनरल टेलर उस गाड़ी में नहीं बैठे। वो अपने घोड़े ओल्ड व्हाईटी पर चढ़कर वहां से भाग निकले।

जनरल टेलर मिसीसिपी नदी पर अपने शांत छोटे घर में गए। वहां पर ओल्ड व्हाइटी ने एक हरे-भरे मैदान में आराम किया।







पूरे अमेरिका में, लोग ज़ाकरी टेलर की चर्चा कर रहे थे। वे चाहते थे कि वह उनके अगले राष्ट्रपति बनें। उनकी तस्वीरें हर जगह देखी जा सकती थीं। सभी ने ओल्ड रफ एंड रेडी के बारे में सुना था। उन्होंने ज़ाकरी टेलर को अमेरिका का बारहवां प्रेसीडेंट चुना।

इस बहादुर पुराने सेनानी के लिए राष्ट्रपति बनना आसान नहीं था।
कई अमेरिकी चाहते थे कि क्यूबा संयुक्त राज्य का हिस्सा बने। वे क्यूबा जाने के लिए तैयार थे।
जैकरी टेलर अभी भी एक लड़ाकू थी। उन्होंने अमेरिकंस को रोकने के लिए वहां युद्धपोत भेजे।

दक्षिण में बहुत से लोग अपने गुलामों को लेकर नए राज्य टेक्सास में जाना चाहते थे। पर टेक्सास के लोग अपने राज्य में गुलामी नहीं चाहते थे।





राष्ट्रपति टेलर का मानना था कि प्रत्येक राज्य को यह तय का अधिकार था की वो अपनी सीमाओं में गुलामी चाहता है, या नहीं।
दक्षिण के लोगों ने धमकी दी - कि अगर वे अपने गुलामों को टेक्सास नहीं ले जा पाए तो वे अमेरिका से अलग हो जाएंगे।

राष्ट्रपति टेलर ने कहा कि यदि दक्षिण में राज्य, अमरीका से अलग होंगे तो  वे खुद दक्षिण के खिलाफ एक सेना का नेतृत्व करेंगे।
अपना काम पूरा होने से पहले ही प्रेसिडेंट टेलर का 9 जुलाई, 1850 को व्हाइट हाउस में निधन हो गया।
आठ सफेद घोड़ों ने ज़ाकरी टेलर के मृत शरीर को उनकी कब्र तक पहुंचाया।
ओल्ड व्हाइटी उनके पीछे-पीछे चली।
राष्ट्रपति को सम्मानित में एक तोप दागी गई।
तोप की हर गूँज के साथ, ओल्ड व्हाइटी अपने सिर को हवा में उठाती और अपने खुरों से ज़मीन को पटकती।



राष्ट्रपति के सम्मान में सैकड़ों सैनिकों ने सड़क पर धीरे-धीरे मार्च किया।

घोड़े की पीठ पर बैठे जनरल्स, गाड़ियों में बैठे लोगों - सभी ने जैकरी टेलर का सम्मान किया।

जैकरी टेलर केवल कुछ समय के लिए ही संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति रहे। वह एक ईमानदार व्यक्ति थे जो अपने देश का हित चाहते थे।

चालीस साल तक ओल्ड और रेडी वहां लड़े, जहां उनके देश ने उन्हें भेजा। वह एक ऐसे सैनिक थे जो कभी कोई युद्ध नहीं हारे।



समाप्त